# टिम साइफर्ट ने यूएई के गेंदबाजों की उड़ाई धज्जियां

**174** रनों के लक्ष्य का पीछा

**12** चौके और 3 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली

## टी-20 विश्व कप का 11वां मुकाबला : न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



**चेन्नई, 10 फरवरी. टिम साइफर्ट (नाबाद 89 ) और फिन ऐलन (नाबाद 84) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 28 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद दिया.**

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने यूएई के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 15.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 175 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया. टिम साइफर्ट ने 42 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली. फिन ऐलन और साइफर्ट के बीच 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई. फिन ऐलन ने 50 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नबाआद 84 रन बनाये. इससे पहले कप्तान मुहम्मद वसीम (नाबाद 66) और आलीशान शराफु (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 173 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया.

यूएई ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाये. न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिये. जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज

> यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आर्यंष शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिये. इसके बाद मुहम्मद वसीम और आलीशान शराफु की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े. 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने आलीशान शराफु को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा. आलीशान शराफु ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रनों की पारी खेली. मयंक कुमार 13 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये. इसके अलावा हर्षित कौशिक (दो), सोहैब खान (सात) और मुहम्मद इरफान (शून्य) पर आउट हुये.

टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले

# नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

## बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला

**नई दिल्ली, 10 फरवरी. बास डलीडे( दो विकेट और नाबाद 72 ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले में नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की. 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसका पहला विकेट तीसरे ओवर में मैक्स ओडाउड (सात) के रूप में गिरा.**



इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े. छठें ओवर में बर्नार्ड शोल्ज ने माइकल लेविट को आउटकर नीदरलैंड्स को दूसरा झटका दिया. लेविट ने 15 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली. कॉलिन ऐकरमैन (32) रन 14वें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये. नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया.

> बास डलीडे ने 48 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 72 रनों की पारी खेली. वहीं कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 18 रन बनाये. नामीबिया के लिए बर्नार्ड शोल्ज, रुबेन ट्रंपलमन और निकोल लॉफ्टी-ईटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया. इससे पहले आज यहां निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) और यान फ्रायलिंक (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर नामीबिया ने नीदरलैंड्स के खिलाफ आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया. नीलदरलैंड्स् ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

# भारत-पाक भिड़ंत 15 को



**नई दिल्ली, 10 फरवरी. टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर चल रहा विवाद अब खत्म हो गया है.**

पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक तौर पर भारत के खिलाफ मैच खेलने पर सहमति जता दी है. श्रीलंका के राष्ट्रपति और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के हस्तक्षेप के बाद शहबाज शरीफ सरकार ने अपना फैसला बदला. भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 फरवरी को खेला जाएगा. टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में क्रिकेट फैंस को बड़ी राहत मिली है. भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला हाई-वोल्टेज मुकाबला अब तय हो गया है.

# अफगानिस्तान के साथ खेलेगा दक्षिण अफ्रीका

**अहमदाबाद, 10 फरवरी . दक्षिण अफ्रीका बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा. वहीं अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए यह मैच जीतना चाहेगा.**

दक्षिण अफ्रीका कनाडा पर बड़ी जीत के बाद अंक तालिका में अभी बेहतर नेट रन रेट के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है. न्यूजीलैंड से हार के बाद स्टैंडिंग में चौथे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीदों को ज़िंदा रखने के लिए जीतना जरूरी है. दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जबरदस्त फ़ॉर्म में है. सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने पिछली तीन पारियों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 56 की एवरेज से रन बनाए हैं. कप्तान एडन मारक्रम भी शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यमक्रम और डेथ ओवरों में फिनिशिंग क्षमता रखते है. कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन की पेस तिकड़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती देती है, हालांकि रबाडा हाल के मैचों में काफी महंगे रहे हैं. वहीं अफगानिस्तान अपनी स्पिन जोड़ी राशिद खान और मुजीब उर रहमान पर भरोसा करेगा ताकि दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक बल्लेबाजी को रोका जा सके.



### एक नजर में

## टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान का भारत के साथ खेलना सुनिश्चित हुआ : राजीव शुक्ला




नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के हिस्सा लेने से जुड़े मसलों को सुलझाने में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए इसे एक बड़ी कामयाबी और सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए फायदे का सौदा बताया. लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ आईसीसी के प्रतिनिधियों की बातचीत के नतीजे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्ला ने कहा कि क्रिकेट के खेल को प्राथमिकता देकर एक दोस्ताना हल निकाल लिया गया है. शुक्ला ने कहा, मैं आईसीसी के प्रतिनिधियों द्वारा शुरू की गई बातचीत का नतीजा देखकर बहुत खुश हूं, जो लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड से बात करने गए थे. यह एक अच्छा हल है, एक दोस्ताना हल है जो क्रिकेट को प्राथमिकता और खेल को अहमियत देने के लिए निकाला गया है.

## पर्दे के पीछे हुआ समझौता : क्यों माना पाकिस्तान



नई दिल्ली. भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच का बायकॉट खत्म करने के पीछे सिर्फ दबाव नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे हुई एक डील भी है. सूत्रों के मुताबिक आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच कुछ रियायतों पर सहमति बनी है, जिनका खुलासा वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही होगा. सवाल यही है कि आखिर पीसीबी को 'बंद लिफाफे' में क्या मिला, जिसने पाकिस्तान को अपना रुख बदलने पर मजबूर कर दिया? भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबले के बायकॉट से पीछे हटने के फैसले के पीछे सिर्फ कूटनीतिक दबाव नहीं, बल्कि आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हुई एक गोपनीय समझ भी है. पीसीबी से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आईसीसी ने पाकिस्तान को कुछ रियायतें दी हैं, लेकिन इन शर्तों का सार्वजनिक खुलासा टूर्नामेंट के खत्म होने के बाद ही किया जाएगा. एक पीसीबी सूत्र ने बताया कि आईसीसी और पीसीबी के बीच बनी सहमति की डिटेल फिलहाल गोपनीय रखी जाएगी.




## स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगी प्राथमिकता

लखनऊ. बहुप्रतीक्षित लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) अब उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएगी. नए प्रारूप के तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी की 20 सदस्यीय टीम में अधिकतम 18 खिलाड़ी लखनऊ के या लखनऊ में पंजीकृत होकर ट्रायल देने वाले होंगे, जबकि केवल दो खिलाड़ी बाहर के शामिल किए जा सकेंगे. लीग अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सात मार्च से शुरू होगी.



# 14 साल का वैभव, क्रिकेट की सनसनी, उम्र कम, बड़े रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 10 फरवरी. महज 14 साल की उम्र में भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने ऐसा धमाका किया है कि दुनिया भर के दिग्गज उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. इंग्लैंड के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने वैभव को अब तक देखा गया सबसे खास युवा खिलाड़ी बताया है.**

अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में 175 रन की ऐतिहासिक पारी से लेकर आईपीएल में शतक तक, वैभव ने साबित कर दिया है कि वह भविष्य का सुपरस्टार है. भारतीय क्रिकेट को एक और चमकता सितारा मिल गया है. 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ देश बल्कि दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों को भी हैरान कर दिया है.



इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने वैभव की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में ऐसा खिलाड़ी उन्होंने अपने करियर में कभी नहीं देखा. लव फॉर क्रिकेट पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान बटलर ने कहा कि 14 साल की उम्र में वैभव जिस आत्मविश्वास और तकनीक के साथ बल्लेबाजी कर रहा है, वह असाधारण है. उन्होंने कहा कि अगर वैभव अभी इतना परिपक्व खेल दिखा रहा है, तो 16, 18 या 20 साल की उम्र में वह कहां पहुंचेगा, इसकी कल्पना करना भी रोमांचक है.

# सेमीफाइनल में बंगाल और जम्मू कश्मीर की भिड़ंत

**कल्याणी, 10 फरवरी. प्लेयर ऑफ द मैच सुदीप कुमार घरामी (299) के शानदार बल्लेबाजी के बाद शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है.**

जहां उसका मुकाबला रविवार को पहली बार क्वालीफाई करने वाली जम्मू कश्मीर से होगा. आज यहां आंध्र प्रदेश ने कल के तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरु किया. शाहबाज अहमद ने सुबह के सत्र में कप्तान रिकी भुई (30) को आउटकर बंगाल को चौथी सफलता दिलाई. अगले ही ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल ने के वी शशिकांत को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया.



# सचिन ने यू-19 कप्तान आयुष को दी जर्सी

**आयुष म्हात्रे को सचिन का खास तोहफा**

**मेहनत करते रहो, बहकावे में मत आओ : सचिन**

**मुंबई, 10 फरवरी. अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे के लिए यह पल हमेशा यादगार बन गया. भारत लौटने के बाद आयुष ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की, जहां सचिन ने उन्हें अपनी टेस्ट जर्सी भेंट की.**

इसके साथ ही उन्होंने आयुष को करियर से जुड़ी अहम सीख भी दी. यह मुलाकात युवा कप्तान के लिए प्रेरणादायक रही. अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर भारत लौटे युवा कप्तान आयुष म्हात्रे के लिए सोमवार का दिन बेहद खास रहा. जिम्बाब्वे से भारत लौटने के बाद आयुष ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से उनके आवास पर मुलाकात की. इस दौरान सचिन ने आयुष को अपनी टेस्ट जर्सी भेंट की, जिसे उन्होंने अपने करियर की अंतिम टेस्ट सीरीज में पहना था. सचिन ने जर्सी के साथ अपने हाथ से लिखा एक संदेश भी दिया, जिसमें उन्होंने आयुष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. वीडियो में सचिन आयुष से कहते नजर आए कि मेहनत कभी मत छोड़ो, लगातार अभ्यास करते रहो और लोगों के बहकावे में मत आओ. उन्होंने कहा कि आगे चलकर ध्यान भटकाने वाली चीजें बहुत होंगी, लेकिन एकाग्रता बनाए रखना ही सफलता की कुंजी है. भारत लौटते ही मुंबई एयरपोर्ट पर आयुष म्हात्रे और पूरी अंडर-19 टीम का जोरदार स्वागत किया गया.



## जम्मू-कश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली.** रणजी ट्रॉफी 2025-26 के तीन क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के रिजल्ट आ चुके हैं. जम्मू कश्मीर ने इतिहास रचते हुए मध्य प्रदेश को हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है. वहीं, कर्नाटक की टीम ने मुंबई को हराकर सेमीफाइनल में एंट्री की है. टीम इंडिया के स्टार ओपनर केएल राहुल ने बेहतरीन शतक जड़ा और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने. जमशेदपुर में पहले बैटिंग करने उतरी होम टीम 235 रन ही बना सकी. आदित्य सिंह ने 83 रन बनाए. उत्तराखंड ने अवनीश सुधा, कप्तान कुणाल चंदेला और जगदीश सुचित की फिफ्टी के दम पर 371 रन बना दिए. तीसरे दिन झारखंड 130 रन ही बना सका. इसी के साथ उत्तराखंड ने पारी और 6 रन से मुकाबला जीत लिया.

**रणजी ट्रॉफी** ▶ टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश ने 19वीं बार बनाई जगह

# आंध्रप्रदेश को हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

**कल्याणी, 10 फरवरी. शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है.**

बंगाल के लिए 299 रनों की पारी खेलने वाले सुदीप कुमार घरामी को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया. आज यहां आंध्र प्रदेश ने कल के तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरु किया. शाहबाज अहमद ने सुबह के सत्र में कप्तान रिकी भुई (30) को आउटकर बंगाल को चौथी सफलता दिलाई. अगले ही ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल ने के वी शशिकांत को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया. सौरभ कुमार (एक) शाहबाज का शिकार बने. कालीडिंडी राजू (25) रन बनाकर आउट हुये. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये त्रिपुराणा विजय ने नीतीश कुमार रेड्डी के साथ आठवें विकेट के लिए 85 रन जोड़े और बंगाल के गेंदबाजों के परेशान रखा. 72वें ओवर में शाहबाज ने शतक की ओर बढ़ रहे नीतीश कुमार रेड्डी को अपनी ही गेंद पर आउट कर पवेलियन भेज दिया.



> नीतीश कुमार रेड्डी ने 144 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली. अगले ही ओवर में सुमंता गुप्ता ने त्रिपुराणा विजय (46) को आउट कर 244 के स्कोर पर आंध्रप्रदेश की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 90 रनों से अपने नाम कर लिया. बंगाल के लिए शाहबाज अहमद ने चार विकेट लिये. सूरज सिंधु जायसवाल को दो विकेट मिले. आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजुमदार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

# आकृति ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**नई दिल्ली. भारत की आकृति दहिया ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की व्यक्तगित 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत पदक जीता.**

आज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में मुकाबला करते हुए, 24 साल की निशानेबाज ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 354.2 का स्कोर किया. कजाकिस्तान की सिर्फ 18 साल की सोफिया शुलजेन्को ने 358.2 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो बार की ओलंपियन भारत की अंजुम मौदगिल ने 340.4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया.